Chapter – 4

Development Platforms for MultiMedia

ऍम एस डॉस

MS DOS का पूरा नाम Microsoft Disk Operating system है। डॉस का पहला वर्जन माइक्रोसॉफ्ट कंपनी द्वारा 1981 में जारी किया गया था यह ऑपरेटिंग सिस्टम का पहला वर्जन था जो सबसे ज्यादा लोकप्रिय रहा| MS DOS एक Character User Interface Operating System (CUI) है। सन 1984 में इनटेल 80286 प्रोसेसर युक्त माईक्रो कम्प्यूटर विकसित किये गये तब इनमें MS DOS 3.0 और MS DOS 4.0 वर्जन का विकास किया गया ।

MS DOS एक आपरेटिंग सिस्टम हैं जो यूजर और हार्डवेयर के बीच मध्यस्थता का कार्य करता है। आपरेटिंग सिस्टम कम्प्यूटर में हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर को कण्ट्रोल ही नहीं करता बल्कि उनके बीच परस्पर संबंध स्थापित करता है। MS DOS में कीबोर्ड की सहायता से कमांड दिये जाते है। डॉस इन कमांड्स को समझ कर उस कार्य को समपन्न करता है और आउटपुट को प्रदर्शित करता है।
नीचे ऍम एस डॉस से सम्बंधित नोट्स दिए गए हैं हम आशा करते हैं की आपको हमारे द्वारा दी गई जानकारी पसंद आयेगी|

विंडोज

विंडोज एक ग्राफिकल यूजर इंटरफ़ेस ऑपरेटिंग सिस्टम हैं बिल गेट्स ने 10 नवंबर, 1983 को माइक्रोसॉफ्ट विंडोज की घोषणा की। माइक्रोसॉफ्ट विंडोज 1.0 को 20 नवंबर, 1985 को पेश किया गया विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम (OS) के रूप में जाना जाने वाला प्रोग्राम का एक समूह है| जो एक पर्सनल कंप्यूटर को नियंत्रित करता है।
Windows सबसे पहले डॉस ऑपरेटिंग सिस्टम के अंतर्गत एक सॉफ्टवेयर के रूप में आया जिसका windows 3.1 संस्करण बहुत लोकप्रिय हुआ |इसके बाद सन 1995 में यह windows 95 के नाम से एक संपूर्ण ऑपरेटिंग सिस्टम के रूप में जारी हुआ जिसके अब तक Windows 95, Windows 98, Windows 2000, Windows Me, Windows XP, Windows NT, Windows Vista,Windows 7, Windows 8, Windows 8.1, Windows 10 आदि अनेक संस्करण जारी हुए|

लिनक्स

लिनक्स एक ओपन सोर्स ऑपरेटिंग सिस्टम हैं और इसे आप फ्री में इस्तेमाल कर सकते हैं सन् 1968 में AT & T बेल प्रयोगशाला के शोधकर्ताओं ने संयुक्त प्रयत्न से एक आॅपरेटिंग बनाया जिसे MULTICS (Multiplexed Information Computer System कहा गया, इसके बाद 1969 में UNIX का विकास किया गया। Linux का विकास UNIX से ही हुआ है। लाइनक्स का विकास टोरवैल्ड ने सन् 1991 में इसका पहला वर्जन 0.11 रिलीज किया। Linux का Graphical interface, X window System पर आधारित है |